तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़, स्कूल बसों में बैठा रहे क्षमता से अधिक बच्चे



खबर संक्षेप

सड़क सुरक्षा और स्वस्थ जीवन का संदेश को लेकर मैराथन आज

सूरजपुर। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने, सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता लाने और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को शहर की सड़कों पर उत्साह, ऊर्जा और जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा मैराथन के माध्यम से नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने के साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन, यातायात अनुशासन और सुरक्षित आवागमन के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसके साथ ही बाइक रैली का भी आयोजन किया जाएगा। मैराथन में विजेता प्रतिभागियों के लिए प्रोत्साहन राशि भी निर्धारित की गई है। प्रथम पुरस्कार 5,100 रूपये द्वितीय पुरस्कार 3,100 रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 2,100 रुपए के साथ हेलमेट भी प्रदान किया जाएगा। मैराथन का आयोजन 13 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

मजदूर ने की ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लुरगी निवासी रामचंद्र आ. कविलास राम (38 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही संतलाल को काम करने के एवज में एडवांस रूपए दिया था। गत दिन उसके घर काम करने के लिए बुलाने गया तो संतलाल ने काम करने से मना कर दिया जब रामचंद्र ने दिए गए एडवांस राशि की मांग की तो संतलाल ने राशि वापस करने से इंकार करते हुए गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया।

लगातार झटका करंट लगने से हुई थी बालक की मौत

अम्बिकापुर। मवेशी चराते समय झटका करंट लगने से बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मक्का बाड़ी में झटका करंट लगाने वाले किसान के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट में लगातार झटका करंट लगने से ग्रामीण की मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक सामरी थाना अंतर्गत ग्राम सबाग अर्ख्नकोना निवासी निर्मल कोरवा आ. स्व. लालवेश्न कोरवा (14 वर्ष) 27 जुलाई को गांव के ही दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के पास मवेशी चला रहा था। इसी दौरान दसवा कोरवा द्वारा मक्का बाड़ी को जानवरों से बचाने के लिए सोलर पैनल सौर ऊर्जा के माध्यम से इनवाइटर में जोकर मक्का बाड़ी के चारों ओर लगाए गए झटका करंट की चपेट में आ गया जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मवेशी घर आ गए लेकिन जब बालक वापस नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करना शुरू कर दिया। इसी बीच बालक दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के समीप मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की। जांच तथा पीएम रिपोर्ट में लगातार झटका करंट लगने से बालक की मौत होने की पुष्टि हुई। जांच उपरांत पुलिस ने गत दिन दसवा कोरवा के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

राज्य वन्य जीव बोर्ड स्थायी समिति की बैठक में अनुमति

सरगुजा में घायल वन्य जीवों के उपचार हेतु बनेगा ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा का संजय पार्क अब आधुनिक वन्य जीव ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। शासन ने इसके लिए अनुमति प्रदान कर दी है। राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की पहली बैठक में इसकी अनुमति मिली है। इस ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर में घायल वन्य जीवों का उपचार करने के बाद फिर से उन्हें रहवास क्षेत्र में सुरक्षित तरीके से छोड़ा जाएगा। खास बात यह है कि संभाग में टाइगर रिजर्व की स्थापना हो चुकी है। शासन से अनुमति मिलने के बाद वन विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

खास बात

- संजय पार्क में बनेगा अस्पताल

सरगुजा संभाग वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। सरगुजा के जंगलों में वन्य जीवों की भरमार है। हाथी, भालू, तेंदुआ के साथ हिरण के बाद अब टाईगर रिजर्व में बाघों की मौजूदगी से सरगुजा के वनों को खास बना दिया है। सरगुजा के जंगलों में शाकाहारी जानवरों के साथ ही हिंसक जानवरों की भरमार है लेकिन सिमटते जंगल और जंगल के अंदर हस्तक्षेप के कारण द्वन्द की स्थिति बनती है। ऐसे में मानव-वन्य जीव के बीच संघर्ष के अनेकों मामले सामने आते है इसके साथ ही अलग अलग दुर्घटनाओं, आपसी द्वन्द, बीमारियों में भी वन्य जीवों के घायल होने की घटनाएं सामने आती रहती है। क्षेत्र में अक्सर जंगल से भटककर आए हिरणों, कोटरी पर कुत्तों के हमले भी होते रहते है। बात यह है कि वन्य जीवों के घायल होने पर उनके उपचार के लिए सरगुजा में कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। वन विभाग को घायल जानवरों के उपचार के लिए बिलासपुर, रायपुर के चक्कर लगाने पड़ते थे। ऐसे में शासन ने अब अंबिकापुर के संजय पार्क में वन्य जीवन ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित उपचार केंद्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष और दुर्घटनाओं में घायल वन्यप्राणियों के त्वरित बचाव, प्राथमिक उपचार और अल्पकालिक देखरेख की सुविधा उपलब्ध होगी।



संजय पार्क।

अस्पताल के साथ होगी डॉक्टर की सुविधा

वन्य जीव उपचार केंद्र के लिए संजय पार्क में एक अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। इस अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ऑपरेशन थिएटर मौजूद होगा। इसके साथ ही घायल वन्य जीवों के उपचार के लिए चिकित्सकों की मौजूदगी होगी। किसी भी वन्य जीव के घायल अवस्था में आने पर संजय पार्क में उसका उपचार किया जाएगा और जानवर के ठीक होने के बाद से रहवास क्षेत्र में सुरक्षित तरीके से छोड़ दिया जाएगा। अस्पताल निर्माण के लिए वन विभाग बांस बाड़ी के कुछ हिस्से को भी इसमें शामिल करने की योजना बना रहा है।

बंद पड़ा है अस्थायी रेस्क्यू सेंटर

बता दें कि शहर के संजय पार्क में पहले से वन्य जीवों के लिए एक अस्थायी रेस्क्यू सेंटर था। यहां घायल वन्यजीवों को इलाज के लिए लाया जाता था, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से लाइसेंस नहीं मिलने के कारण मार्च 2026 में इसे बंद करना पड़ा। इसी दौरान सेंटर में रखे हिरणों पर कुत्तों के हमले की घटना भी सामने आई थी, जिसमें 15 हिरणों की मौत हो गई थी। इसके बाद सेंटर को बंद कर दिया गया और वन्यजीवों की देखभाल को लेकर सवाल उठे। अब नए ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर के निर्माण से सरगुजा संभाग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वन्यजीवों के इलाज और आपातकालीन देखभाल के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही सेंटर के संचालन के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस भी लेना होगा। यानी मंजूरी के बाद अब इसके विकास और संचालन की तैयारी तेज होने की उम्मीद है।

चल रही है प्रक्रिया

वन्य जीवों के उपचार के लिए ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर बनाने की अनुमति मिली है। इस उपचार केंद्र में अस्पताल का निर्माण किया जाएगा जिसमें आधुनिक उपकरणों से लैस ओटी रहेगा। वन्य जीवों के उपचार के लिए हमारे पास पहले से चिकित्सकों का पैनल मौजूद है जो वर्षों से काम कर रहे है। स्थापना की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

-दिलराज प्रभाकर, सीसीएफ

दोहरे हत्याकांड में पुलिस संदिग्धों को पकड़कर कर रही पूछताछ, सूरजपुर एसपी स्वयं कर रहे केस की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दोहरे हत्याकांड के मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली है। मां-बेटे की हत्या के मामले में पुलिस को कोई खास सुराग नहीं मिल सके है। इस बीच पुलिस ने महिला और उसके बेटे की हत्या के मामले में दो अलग अलग अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही कुछ सदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है लेकिन अब तक हत्या के कारणों और हत्यारों का पता नहीं चल सका है। इस बीच रविवार को ही मृतिका रजनी बरेठ और उसके बेटे सुजल बरेठ का शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। परिजन शव लेकर देर रात गृहग्राम पहुंचे। सोमवार को परिजन के आपसी सलाह मशवरे के बाद मृतिका रजनी बरेठ के ससुराल रायगढ़ में गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। डबल मर्डर की घटना के बाद से सूरजपुर एसपी सहित पुलिस अमला बिश्रामपुर थाने में डटा हुआ है और संदिग्धों को बारी बारी से तलब कर उनसे पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी तक पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। इस बीच आर्थिक कारणों से हत्या को लेकर की गई जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका रजनी के द्वारा हाल ही में बैंक से 19 लाख का लोन निकाला था और वर्तमान में उसके खाते में अभी भी पंद्रह लाख रूपए शेष हैं जबकि पौने पांच लाख रूपए उसने पुराने लोन को बंद करने राशि समायोजित कराई गई थी। रविवार को घटना स्थल पर परिजन ने बताया था कि उसने सूरजपुर में जमीन ली थी जिसे वह बेचकर बिश्रामपुर जमीन लेना चाहती थी। पुलिस इस एंगल से मामले की जांच कर रही है। इसके अतिरिक्त उसके पुरुष मित्र सहित परिचितों को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने तलब किया है।

- बिश्रामपुर थाना और जयनगर थाना में हत्या का अलग अलग दर्ज किया गया अपराध



क्या था मामला

बता दें कि शनिवार 10 अक्टूबर के प्रातः जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर कालीघाट के समीप एनएच 43 से दो सौ मीटर दूरी पर कच्ची सड़क के किनारे झाड़ियों में छात्र का शव बरामद हुआ था। शव शिनाख्त के प्रयास के दौरान उक्त शव कार्मेल स्कूल के बारहवीं के छात्र सुजल बरेठ 17 वर्ष 9 माह के रूप में शिनाख्त हुई। पुलिस जब रात्रि में उसके केशवनगर स्थित किराए के मकान में पहुंची तो यहां ताला बंद मिला। जिसके बाद परिजनों से संपर्क कर घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया जहां उसकी मां रजनी 42 वर्ष का शव घर के बाथरूम में अस्त व्यस्त हालत में पड़ा मिला।

दो सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने किया मां बेटे का पीएम

रविवार को शव के पंचनामा के बाद मृतिका का शव पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में दो सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने पीएम की कार्यवाही पूरी की। पंचनामा के दौरान महिला के गले में निशान मिलने से संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या किसी रस्सी अथवा कपड़े से गला घोट कर उसकी हत्या की गई होगी। मृतिका का शव बाथरूम में मिलने व मौके पर सामान बिखरे होने से संभावना जताई जा रही है कि घटना के दौरान उसने अपने जान बचाने काफी संघर्ष किया है। वहीं बेटे का शव करीब बीस बाइस किलो मीटर दूर मिलने और उसके सीने, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट जख्म के निशान पाए जाने पर किसी धारदार हथियार से उसकी हत्या करने की संभावना जताई गई है। पीएम रिपोर्ट के बाद सारी स्थिति स्पष्ट होने की बात पुलिस कह रही है।

सीसीटीवी नहीं होने से आ रही अड़चन

घटना के बाद सोमवार को सुजल के विद्यालय कार्मेल कान्वेंट में आज अवकाश घोषित कर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। मामले में सबसे बड़ी बात जिस जगह हत्या की वारदात हुई है वह केशवगर पंचायत का क्षेत्र है जहां कॉलोनी का लगातार विस्तार हो रहा है। विशाल स्तर की बड़ी लागत से करोड़ों की इमारते खड़ी कर दी गई है लेकिन कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं ,जिस वजह से भी पुलिस को हत्यारों तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। शिक्षिका की स्कूटी घर से दूर एनएच 43 में पेट्रोल पंप के समीप मिलने पर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस हर स्तर पर हत्यारों तक पहुंचने में जुटी हुई है। एसपी योगेश पटेल स्वयं केस की मानिटरिंग कर रहे हैं।

शासकीय मद की भूमि को पटवारी ने कर दिया निजी मद में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कलेक्टर सरगुजा अजीत बसंत ने राजस्व प्रकरण में त्रुटिपूर्ण जांच प्रतिवेदन तैयार कर शासकीय भूमि को निजी मद में दर्ज करने एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर हल्का पटवारी सुरेश कुमार डाहिरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- लापरवाही पर कलेक्टर ने किया निलंबित

श्री डाहिरे पूर्व में ग्राम लालमाटी, तहसील लुण्ड्रा-धौरपुर में हल्का पटवारी के पद पर पदस्थ थे तथा वर्तमान में तहसील लखनपुर में पदस्थ हैं। नायब तहसीलदार, उप तहसील रघुनाथपुर के जांच प्रतिवेदन के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धौरपुर के राजस्व प्रकरण में भूमि खसरा नंबर 70/2 के संबंध में तत्कालीन पटवारी द्वारा स्थल जांच प्रतिवेदन एवं पंचनामा प्रस्तुत किया गया था। जांच में पाया गया कि पटवारी ने स्थल पर वास्तविक कब्जेदार की जानकारी प्राप्त किए बिना त्रुटिपूर्ण जांच प्रतिवेदन तैयार कर शासकीय मद की भूमि को निजी मद में मूल अभिलेखों का मिलान किए बिना निजी व्यक्ति के नाम में दर्ज करने पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

इस संबंध में पटवारी श्री डाहिरे को 11 सितम्बर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उनके द्वारा 15 सितम्बर को प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री डाहिरे का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार, लखनपुर निर्धारित किया गया है।

प्रसव पीड़ा से गंभीर गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु की मौत

अम्बिकापुर। प्रसव पीड़ा से गंभीर हुई गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। गर्भवती महिला को राजपुर क्षेत्र के रेवतपुर अस्पताल से रेफर किया गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर झुमरपारा निवासी भुनेश्वरी पति विष्णु (34 वर्ष) नौ माह की गर्भवती थी। 11 अक्टूबर की शाम प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे रेवतपुर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच प्रसव पीड़ा ज्यादा बढ़ जाने तथा गर्भवती महिला की हालत गंभीर हो जाने पर चिकित्सकों ने तत्काल उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। तड़के 3.40 बजे परिजन गर्भवती महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सको जांच उपरांत गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

अंबिकापुर। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में सोमवार को महिला मोर्चा भाजपा सरगुजा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जेएनयू में मणिपुर के कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल कोइजम पर छात्राओं के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के विरोध में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांधी चौक पर एकत्र हुए, जहां सभा के माध्यम से पदाधिकारियों ने अपना विरोध दर्ज कराया और मामले में निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोष सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने कहा कि छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। इस मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर महिला मोर्चा चुप नहीं बैठेगा और न्याय मिलने तक अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। सभा को भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह, मधु चौदाहा, प्रिया सिंह, माया मिश्रा, शकुंतला पांडेय, रजनी बिंद, किरण सोनी, प्रियंका चौबे, सरस्वती यादव, शालिनी सिंह एवं रूपा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मधुसूदन शुक्ला, जनमेजय मिश्रा, मनोज गुप्ता, रूपेश दुबे, मनोज कंसारी, नीलम राजवाड़े, सावित्री जायसवाल, बुधमेत कुजूर, नेहा सोनवानी, अर्चना सिंह, नीलम राजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

- जेएनयू में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर कार्रवाई की मांग



प्रबंधन ने छात्रावास अधीक्षक को किया निलंबित

हॉस्टल में नाबालिग छात्र की मौत, अभाविप ने किया विद्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में करंट की चपेट में आकर नाबालिग छात्र की हुई मौत पर अभाविप ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्कूल का घेराव कर दिया। इस दौरान अभाविप ने विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते की। अभाविप ने मृत छात्र के परिजन को मुआवजा समेत जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। विद्यालय प्रबंधन के लिखित आश्वासन एवं प्रशासन के समझाइश के बाद अभाविप ने विद्यालय का घेराव खत्म किया।

विदित हो कि शनिवार की रात जशपुर जिले के ग्राम तमता निवासी 15 वर्षीय छात्र आशुतोष आ. विकास की ग्राम सुर सहित केन मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित हॉस्टल में करंट लगने से मौत हो गई थी। आशुतोष कक्षा आठवीं का छात्र था और हॉस्टल में रहकर केन मेमोरियल स्कूल में पढ़ाई करता था। घटना की रात छात्र हॉस्टल में रूम का दरवाजा खोल रहा था तभी वह दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया था। देर रात उसे हॉस्टल प्रबंधन हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।नाबालिग छात्र की मौत के पीछे हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही एवं अव्यवस्था को माना जा रहा है। देर तक हॉस्टल में हुई इस घटना के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप विद्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान नाबालिग छात्र की मौत के लिए विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस एवं केन मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें समझाने की काफी कोशिश की पर अभाविप अपनी मांग पर अड़ा हुआ था। उनकी मांग थी कि मृत छात्र के घरवालों को विद्यालय प्रबंधन एवं शासन प्रशासन द्वारा मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा छात्रावास अधीक्षक को तत्काल निलंबित करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जाए एवं जांच में दोषी पाए जाने वालों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाये। अभाविप द्वारा रखी गई मांगो के बाद स्कूल के प्राचार्य बी तिर्की ने तत्काल छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही प्राचार्य ने पीड़ित परिवार को यथोचित सहायता राशि एवं जांच में सहयोग करने का लिखित आश्वासन दिया। अभाविप ने मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपते हुए घेराव समाप्त किया। अभाविप ने मांग पूरी नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नगर मंत्री रितेश गुप्ता समेत अभाविप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।





Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

SpinWheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का

खबर संक्षेप



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों की कल्पनाओं ने भरे रंग

सूरजपुर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, समानता एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से बालिका शिक्षा, भ्रूण हत्या की रोकथाम, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा तथा बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से समाज को बेटियों के सम्मान, संरक्षण एवं शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बताया गया कि बालिकाओं को समान अवसर और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षित एवं सशक्त बालिकाएं परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

पारिवारिक विवाद पर सास को दी जान से मारने की धमकी, आरोपी दामाद गिरफ्तार

बिश्रामपुर। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरेया आमापारा में पारिवारिक विवाद के दौरान सास को तलवार से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दामाद को गिरफ्तार कर लिया है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा निवासी 60 वर्षीय पीड़िता फुलेश्वरी ने अपने दामाद रामेश्वर निषाद पर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और तलवार लेकर डराने का आरोप लगाते हुए जयनगर थाने में लिखित शिकायत दी है। घटना 12 अक्टूबर की सुबह की बताई जा रही है। थाने में दिए गए आवेदन के मुताबिक फुलेश्वरी की बेटी फुलकुंवर की शादी करीब पांच वर्ष पहले ग्राम पंचायत कंठी के कंवरपारा निवासी रामेश्वर निषाद के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। दंपती का दो वर्षीय बेटा देवेंद्र है। फुलेश्वरी का आरोप है कि उसका दामाद शराब पीकर अक्सर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता है। इसी वजह से उसकी बेटी करीब छह महीने पहले अपने बच्चे के साथ ससुराल छोड़कर मायके ग्राम कोरेया आमापारा में रहने लगी है।शिकायत में बताया गया है कि रामेश्वर निषाद कई बार अपनी पत्नी और बच्चे को लेने के लिए सास के घर पहुंच चुका है। वह अपने बेटे देवेंद्र को साथ ले जाना चाहता है, लेकिन उसकी पत्नी फुलकुंवर बच्चे को भेजने से इनकार करती है। पीड़िता के मुताबिक 12 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे रामेश्वर निषाद तलवार लेकर उनके घर पहुंच गया और उसने अश्लील गाली-गलौज करते हुए तलवार से हमला करने की बात कहकर उनकी ओर दौड़ा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से भयभीत होकर उन्होंने घर का दरवाजा बंद कर लिया,शिकायत पर जयनगर पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की पहल

सीएचसी में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक, अब तक 417 प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



सीएचसी प्रतापपुर, इनसेट में प्रसूता।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। निर्धारित लक्ष्य की तुलना में अब तक दोगुने से भी अधिक संस्थागत प्रसव कराए जा चुके हैं। सीएचसी प्रतापपुर में अब तक कुल 417 संस्थागत प्रसव संपन्न कराए गए हैं, जो स्वास्थ्य केंद्र के निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक हैं।

खास बात
- ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ा संस्थागत प्रसव के प्रति विश्वास

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अलावा राजपुर, बलरामपुर, वाड्रफनगर और ओड़गी विकासखंड के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से भी गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए पहुंच रही हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, मितानिनों एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण संस्थागत प्रसव कराया जा रहा है। कलेक्टर रैना जमील एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के निर्देश व मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और नियमित समीक्षा के माध्यम से सुरक्षित प्रसव को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु के मामलों पर प्रभावी नियंत्रण तथा प्रसव के दौरान संभावित जोखिमों को कम करना है। सीएचसी प्रतापपुर के लिए प्रतिमाह 30 संस्थागत प्रसव का लक्ष्य निर्धारित है। इस हिसाब से छह माह में 180 प्रसव का लक्ष्य है, जबकि अब तक कुल 417 प्रसव कराए जा चुके हैं। यह निर्धारित लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक है। संस्थागत प्रसव के लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल करने में मितानिनों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों, सेक्टर चिकित्सकों, आरएमए तथा अन्य सहयोगी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वास्थ्य विभाग के इन सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराए, ताकि प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं को कम किया जा सके और जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके।

प्रसूताओं को मिल रहा योजनाओं का लाभ

संस्थागत प्रसव कराने वाली पात्र महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1 हजार 400 रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जा रही है। साथ ही जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत अतिरिक्त पौष्टिक आहार सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। महतारी एंबुलेंस सेवा के माध्यम से निःशुल्क घर पहुंच परिवहन सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

परिवार नियोजन के प्रति भी किया जा रहा जागरूक

प्रसव के बाद महिलाओं को अस्थायी परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने और बच्चों के बीच उचित अंतर रखने के उद्देश्य से काउंसलिंग की जा रही है। इसी क्रम में अब तक 144 महिलाओं में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा कॉपर-टी का निवेशन किया जा चुका है। इसके माध्यम से परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



दशहरा उत्सव और रावण दहन की तैयारियों में जुटी सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर सेवा समिति की बैठक शनिवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, आवश्यक व्यवस्था तथा सदस्यों के बीच कार्य विभाजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

- आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने पर की गई चर्चा

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दशहरा उत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं में आपसी समन्वय बनाए रखने तथा सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समिति द्वारा तैयारियों की समीक्षा करने और कार्य विभाजन को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आगामी बैठक 18 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था को समय पर पूरा करने पर भी चर्चा हुई। राजा राम चन्द्र की झांकी, विशाल शोभा यात्रा, राम-रावण संवाद, रावण-कुम्भकर्ण-मेघनाथ के पुतले का दहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आतिशबाजी व मंचीय कार्यक्रम के साथ सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, सचिव रामकृष्ण ओझा, श्रवण जैन, शैलेश अग्रवाल, प्रवेश गोयल, मुकेश गर्ग, पुनीत गुप्ता, सुरेन्द्र राजवाड़े, अजय कुमार अग्रवाल, रौनक जैन, बजरंग जैन, नरेन्द्र गुप्ता, सुनील अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रमोद तायल, मुदित जैन, विकास जैन, नीरज तायल, प्रदीप सोनी, हिमांशु जैन एवं विजय यादव उपस्थित रहे।

आधार से जुड़ी हर समस्या का होगा समाधान, 14 से 16 तक विकासखंडों में लगेंगे विशेष आधार शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में आधार संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड स्तर पर विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। चिप्स के सहयोग से यह शिविर 14 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय बलरामपुर, 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ तथा 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय कुसमी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेंगे। इनमें नया आधार पंजीयन होने के साथ ही पंजीकृत आधार की त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिलेवासियों से शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के समय में आधार प्रत्येक नागरिक की अनिवार्य पहचान बन चुका है और केंद्र एवं राज्य शासन की लगभग सभी योजनाओं का लाभ इसी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुंचता है। किसानों के एग्रीस्टैक पंजीयन,

- जनपद पंचायत कार्यालयों में लगेगा विशेष आधार शिविर, नया पंजीयन और अपडेट दोनों की सुविधा

विद्यार्थियों की अपार आईडी और पैन कार्ड से लेकर बैंक खातों की लिंकिंग तक, हर आवश्यक प्रक्रिया आधार से जुड़ी है। ऐसे में आधार में छोटी-सी त्रुटि भी पात्र व्यक्ति को उसके अधिकार से वंचित कर सकती है। कलेक्टर ने कहा कि जिनका आधार अब तक नहीं बना है या जिनके आधार में कोई गड़बड़ी है, वे अपने विकासखंड के शिविर में अवश्य पहुंचें और इस अवसर का लाभ उठाएं। शिविरों में बायोमेट्रिक मिसमैच, आधार निरस्त या निष्क्रिय होने, जन्मतिथि एवं जेंडर संबंधी त्रुटि तथा अपडेट के दौरान फिंगरप्रिंट या आइरिस दर्ज न होने जैसी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही नाम, जन्मतिथि और पते में सुधार की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। बायोमेट्रिक अपडेट के लिए आवेदक की स्वयं उपस्थिति अनिवार्य होगी। नए पंजीयन के लिए 17 वर्ष तक के बच्चों हेतु जन्म प्रमाण पत्र तथा माता-पिता का आधार कार्ड आवश्यक है, जबकि 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक वोटर आईडी, 10वीं की अंकसूची, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा भारतीय पासपोर्ट में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नाम एवं जन्मतिथि सुधार के लिए बीआरएन युक्त जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं की अंकसूची या पासपोर्ट जैसे मान्य दस्तावेज लगेंगे।

ढोल-ताशों की थाप पर थिरका अग्रवाल समाज धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती



सीतापुर। महाराजा अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती नगर में अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस महोत्सव में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की झांकी के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस बार शोभायात्रा को खास बनाने के लिए विशेष रूप से महाराष्ट्र के नागपुर से ढोल-ताशा की प्रसिद्ध टीम को आमंत्रित किया गया था। जैसे ही ढोल-ताशों की गूंज और थाप हवा में गूंजी पूरा शहर भक्तिमय और उत्साह के माहौल से सराबोर हो उठा।

युवाओं के साथ-साथ वरिष्ठ जनों और महिलाओं ने भी पारंपरिक वेशभूषा में इस ढोल-ताशा प्रदर्शन का भरपूर आनंद लिया और थिरकने पर मजबूर हो गए। महाराजा अग्रसेन जी के तैलचित्र और आकर्षक झांकियों से सजी यह भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान परशुराम चौक पर ब्राम्हण समाज द्वारा इस शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों ने जय अग्रसेन के गगनभेदी नारों के साथ पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। नगर भ्रमण के बाद महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा वापस अग्रसेन भवन पहुंची जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन जी के ऐतिहासिक एक ईंट और एक रुपया के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यह सिद्धांत हमें आपसी सहयोग, समाजवाद और आर्थिक रूप से कमजोर भाइयों को संबल देने की सीख देता है। इसके साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। महोत्सव का समापन भव्य महाआरती और सामूहिक सुरुचि भोज के साथ हुआ। जिसमें नगर समेत आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों स्वजातीय बंधु शामिल हुए।



शिवनन्दनपुर -बिश्रामपुर में हर्षोल्लास से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

बिश्रामपुर। अग्रवाल समाज के आराध्य एवं समाजवाद के प्रणेता भगवान महाराजा अग्रसेन की जयंती शिवनन्दनपुर बिश्रामपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई,इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयंती समारोह अंतर्गत गत कई सप्ताह से आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष गोयल, खजानचंद जिंदल, सत्यपाल तायल, बाबूलाल दनोदिया, राजू गोयल, अशोक अग्रवाल, पवन अग्रवाल पोन्नी एवं ललित गोयल उपस्थित रहे,मंच पर अशोक जिंदल, नपं शिवनंदनपुर उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, अग्रवाल नव जागृति समिति के अध्यक्ष संभव जिंदल एवं हर्ष दनोदिया सहित महिला मंडल की अध्यक्ष भावना मित्तल, अनीता गोयल सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि सुभाष गोयल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में एकता, सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए ललित गोयल ने महाराजा अग्रसेन के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को अन्य कई अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल नव जागृति समिति के अध्यक्ष संभव जिंदल, हर्ष दनोदिया एवं उनकी पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। वहीं महिला मंडल की अध्यक्ष भावना मित्तल, अनीता गोयल, उमा दनोदिया एवं उनकी पूरी टीम ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह ने समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सेवा भावना का संदेश दिया। महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ जयंती समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सुरेश यादव आ.राजाराम यादव आयु-38 वर्ष, निवासी भिलाई खुर्द थाना व तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे बच्ची के आधार कार्ड क्रमांक 711005666529 है जिसमें मेरे बच्ची का नाम त्रुटि वश नीतू यादव अंकित हो गया है जो गलत है। मेरे बच्ची का सही नाम रीतु यादव है जो उसके समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुरेश यादव
आ.राजाराम यादव
निवासी- भिलाई खुर्द थाना व तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर छ.ग.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सुरेश यादव आ.राजाराम यादव आयु-38 वर्ष, निवासी भिलाई खुर्द थाना व तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे बच्ची के आधार कार्ड क्रमांक 617219833247 में मेरे बच्ची का नाम कु.वर्षा यादव एवं जन्म तिथि 01/01/2010 अंकित है एवं निवासी नरसिंहपुर अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मेरे बच्ची का सही नाम वर्षा यादव, जन्म तिथि 29/05/2011 एवं निवासी भिलाई खुर्द सही है जो इसके समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में सही अंकित है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुरेश यादव
आ.राजाराम यादव
निवासी- भिलाई खुर्द थाना व तहसील राजपुर, जिला-बलरामपुर छ.ग.

कौशल विकास यात्रा, विद्यार्थियों को कैरियर के लिए मिला मार्गदर्शन

बलरामपुर। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के प्रति विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आईसेक्ट समूह द्वारा कौशल विकास यात्रा का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय व आत्मानंद स्कूल में जागरूकता एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, रोजगार के बदलते अवसरों, करियर निर्माण, एआई तथा आईसेक्ट समूह की विभिन्न शैक्षणिक पहलों की जानकारी दी गई।

- एआई की उपयोगिता से हुए रूबरू

आईसेक्ट के प्रवक्ता विकास रवि ने कहा कि कौशल विकास यात्रा केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को भविष्य की तकनीकों, कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। महाविद्यालय व स्कूल के प्राचार्य द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल भी बेहद आवश्यक हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता साक्षरता अभियान तथा कौशल विकास यात्रा विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने, रोजगार की संभावनाओं को पहचानने और भविष्य की बेहतर तैयारी करने में मददगार साबित हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान विशाल कुमार सोनी, चंदन गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें करियर परामर्श, कौशल आधारित शिक्षा, विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया।

न्यायालय- द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

प्रो.नं.- 939/26
सिविल अपील – 23 अ/2025
आगामी पेशी तिथि- 17/11/2026

गोपाल ---------- /अपीलार्थी

प्रति

श्रीराम व अन्य ---------- /उत्तरवादीगण

नोटिस/ईश्तहार

बनामः-

श्रीराम आ.जगदेव उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम गाड़ाघाट मंदिर के बगल सोनी के मकान में खैरबार जिला सरगुजा छ.ग.

आपको नोटिस/ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है इस न्यायालय में अपीलार्थी द्वारा आपके विरूद्ध सिविल अपील प्रकरण क्रमांक-23 अ/2025 गोपाल प्रति श्रीराम व अन्य न्यायालय-द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के समक्ष स्थायी निषेधाज्ञा हेतु अपील प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में उत्तरवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु उत्तरवादी को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त उत्तरवादी को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईश्तहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाताहै कि पेशी दिनांक- 17/11/2026 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 29/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(डॉ.सुमित कुमार सोनी)
न्यायालय-द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA















खबर संक्षेप



ग्राम पंचायत लहपटरा में पूजा- अर्चना के साथ की गई माँ दुर्गा की स्थापना, भक्तिमय हुआ माहौल

लहपटरा। ग्राम पंचायत लहपटरा में माँ दुर्गा के आगमन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। माँ दुर्गा के स्वागत के लिए गाँव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है। माँ दुर्गा के आगमन से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति के साथ माता रानी का स्वागत कर कर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया। इस अवसर पर ग्रामीण मां दुर्गा से गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आराधना से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं में माता रानी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

मां महामाया के भजन से निधि श्री ने की गायकी का आगाज

अम्बिकापुर। नवरात्र के अवसर पर शहर की युवा गायिका निधि श्री ने मां महामाया को समर्पित गीत से अपने संगीत सफर की शुरुआत की है। गीत जारी



होने के पहले ही दिन इसे सामाजिक माध्यमों पर 8 से 9 हजार बार देखा गया। श्रोताओं से मिल रही सराहना से निधि और उनके परिवार में उत्साह है। निधि शहर के निजी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उनके पिता अनिल विश्वकर्मा प्रयोगशाला तकनीशियन हैं। निधि को बचपन से ही गायन का शौक रहा है। उन्होंने बताया कि इस रुचि को आगे बढ़ाने में उनकी मां ने हमेशा प्रोत्साहित किया। पढ़ाई के साथ वह नियमित रियाज करती हैं और गायकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत हैं। शहर के संगीत निर्देशक सौरभ और वैभव ने निधि को यह अवसर दिया। उन्होंने निधि को इंस्टाग्राम पर गाते हुए सुना था और उनकी आवाज पसंद आने के बाद मां महामाया के गीत के लिए चुना। गीत को नवरात्र के अवसर पर तैयार किया गया है। सौरभ और वैभव कई फिल्मों के संगीत पर काम कर रहे हैं। उनके संगीत को फिल्मफेयर पुरस्कारों के लिए नामांकित किए जाने की जानकारी भी दी गई है। संगीत निर्देशक वैभव ने बताया कि निधि की आवाज में आगे भी गीत रिकॉर्ड करने की योजना है और उन्हें फिल्मी संगीत में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। मां महामाया के गीत से मिली शुरुआती प्रतिक्रिया ने निधि के हौसले बढ़ाए हैं।

जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति में विधायक समेत 8 नए सदस्य मनोनीत

सोनगरा। जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में



जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित जीवनदीप समिति में आठ नए सदस्यों का मनोनयन किया गया है। प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में किए गए इस मनोनयन में प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कृषकों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीवनदीप समिति के नए सदस्यों के मनोनयन से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार, मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद जताई जा रही है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जीवनदीप समिति के माध्यम से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास, मरीजों की सुविधाओं में सुधार और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। समिति अस्पताल की आवश्यकताओं, मरीजों की समस्याओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करती है। जीवनदीप समिति में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, समाजसेवी शशिकांत गर्ग, पूर्व सरपंच संत सिंह, अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उन्नत कृषक राजेश्वर तिवारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उन्नत कृषक ठाकुर प्रसाद राजवाड़े और महिला नेत्री देवंती साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में स्कूल बसों की अव्यवस्था से अभिभावक नाराज

स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़, स्कूल बसों में बैठा रहे क्षमता से अधिक बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा संचालित स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। आलम यह स्कूली बस में न सिर्फ क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है बल्कि बच्चों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने और पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि बच्चों की संख्या में वृद्धि होने के बाद भी महज 35 सीटर बस का संचालन किया जा रहा है जिससे बस में जगह नहीं होने से कई बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो जाते है।

खास बात

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, प्रबंधन नहीं ले रहा सुध

रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा स्कूली बच्चों की सुविधा के लिए 52 सीटर और 35 सीटर दो बसें संचालित हैं। बसों से प्रभावित क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने जाते है। अभिभावकों का आरोप है कि सुबह करीब 9.30 बजे अधिकतर 35 सीटर बस ही चलाई जाती है, जबकि इस समय बच्चों की संख्या अधिक और बड़े बच्चे रहते है। इससे बच्चों को बस में ठूंस कर ले जाने की स्थिति बनती है। आरोप है कि अनुबंध के अनुरूप दोनों बसों का नियमित संचालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में 35 सीटर बस में लगभग 50 से अधिक बच्चों को ठूंस कर ले जाया जाता है जिससे कई बच्चों को बस में खड़े खड़े ही स्कूल जाने को मजबूर है। बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने से न सिर्फ बच्चों को परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समय रहते बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त सीट वाली बस की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।अभिभावकों ने एसईसीएल प्रबंधन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बसों के संचालन और क्षमता की नियमित जांच होती, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। लगातार बढ़ती परेशानी से नाराज अभिभावक जल्द ही सब एरिया कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बना रहे हैं। अब सवाल यह है कि एसईसीएल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बसों की व्यवस्था सुधारने के लिए कब ठोस कदम उठाएगा।



बस के बाहर खड़ी छात्राएं।

खतरों के बीच जाते है बच्चे

अभिभावकों कहना है कि सुबह के समय 35 सीटर बस का संचालन होता है जबकि बच्चों की संख्या अधिक होती है। इसके अलावा बस में परिचालक नहीं होने के कारण बच्चों को खतरा के बीच सफर करना पड़ता है। कई बार बच्चे चलती बस के दरवाजे पर लटकते दिखाई देते हैं। ऐसे में बच्चों के चलती बस से गिरने की संभावना बनी रहती है। अभिभावकों कहना है कि छोटे बच्चों को इस तरह सफर कराना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।

व्यवस्था सुधारे की मांग

बस में सीट कम होने के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से ही वंचित हो जाते। सोमवार को भी मानीचौक में बस में जगह नहीं होने से 14 बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो गए जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। यह समस्या लंबे समय से है और हर रोज कोई न कोई बच्चे साधन के अभाव में स्कूल जाने से वंचित हो जाते है। अभिभावकों का कहना है कि एसईसीएल कर्मचारियों के लिए बड़े बस की सुविधा है लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए महज 35 सीटर बस संचालन किया जाता है। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसे लेकर बस संचालन की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

निजी साधन से आते हैं घर

परेशानी के बीच बच्चे किसी तरह पढ़ाई करने के लिए बस से स्कूल जाते है। लेकिन बच्चों की परेशान तब और बढ़ जाती है जब स्कूल की छुट्टी होती है। स्कूल की छुट्टी के समय केवल एक बस बिश्रामपुर से लौटती है जबकि स्कूल ले जाने के समय दो बस ओवरलोड लेकर जाती है लेकिन वापसी में केवल एक बस के आने से बच्चे किसी निजी साधन घर लौटते है जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जिला न्यायालय के पास झुका पेड़ लोगों के लिए बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर एक जर्जर झुका हुआ विशालकाय पेड़ लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। कभी भी बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकता है।

जिला न्यायालय परिसर के बाहर एक विशालकाय पेड़ पिछले बरसात में तेज आंधी पानी के दौरान टूटकर एक ओर खतरनाक तरीके से झुक गया है। उस दरम्यान इसी पेड़ का एक बड़ा भारी डाल भी टूटकर गिर गया था किन्तु आंधी पानी व शाम की वजह से कोई बड़ी अनहोनी नहीं हो पाई थी। किन्तु यह जर्जर विशालकाय पेड़ कभी भी किसी भी वक्त धराशाई हो सकता है। यह पेड़ लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। जिला न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट के बीच जहां यह पेड़ है वहां दर्जनों छोटे मोटे चाय नाश्ते व फोटो कॉपी की दुकान है। खासकर फेमस झकड़ी चाय की दुकान ठीक पेड़ के ही नीचे है जहां हर वक्त लोगों की बैठकी रहती है। ज्यादातर वकील इसी दुकान के पास मौजूद रहते है। ऐसे में यह पेड़ लोगों के लिए कभी भी मुसीबत खड़ी कर सकता है। कई लोग घायल हो सकते है। ऐसे में प्रशासन अथवा नगर निगम को तत्काल इस पेड़ को कटवाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कई अधिवक्तागण व आम लोगों ने इस विषय में निगम के अधिकारियों को सूचना भी दिया किन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त पेड़ को तत्काल रूप से हटाने की व्यवस्था करें ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।



ओपीएस ओलंपिक में खिलाड़ियों भारी उत्साह, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी

अम्बिकापुर। आपीएस में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव ओपीएस ओलंपिक पूरे उत्साह के साथ जारी है। खेल महोत्सव अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में आइंस्टीन हाउस, कलाम हाउस, टैगोर हाउस और शेक्सपियर हाउस के विद्यार्थी एक-दूसरे को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में कलाम हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें आइंस्टीन हाउस ने 25-22 अंकों से जीत दर्ज की। डॉजबॉल प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में शेक्सपियर हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच हुए मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की। कलाम हाउस और टैगोर हाउस के बीच खेले गए मुकाबले में टैगोर हाउस ने 5-2 से विजय प्राप्त की। शेक्सपियर हाउस और टैगोर हाउस के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 6-4 से जीत दर्ज कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने बताया की यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक सोच और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में पचिरा की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल महा मुकाबला में देशी ब्याज पचिरा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में विजेता का खिताब हासिल किया। स्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े उपस्थित थे।अन्य अतिथियों मे हरिश राजवाड़े, देवधन बिंझिया, शोभनाथ राजवाड़े, देवशरण सिंह, विनोद शाह, जयनगर सरपंच राधा बाई, धनेश्वरी सिंह, राजेन्द्र गवंटिया, राजनाथ सिंह उपस्थित रहे,फाइनल मुकाबले की शुरुआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयों से परिचय उपरांत टॉस कराकर किया गया,फाइनल मुकाबला ब्याज क्लब कोरेया और देशी ब्याज पचिरा के मध्य खेला गया। दोनों ही टीम ने जीत के लिए जबरदस्त संघर्ष किया और अंत में



देशी ब्याज पचिरा टीम ने 45 अंक प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया और ब्याज क्लब कोरेया टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई,स्पर्धा में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था,समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम करमा, बायर, सुगा व छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए,अंत में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए नगद व उपविजेता टीम को 7 हजार रुपए नगद व शिल्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया,साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले टीम को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह, कृष्णपाल बिंझिया, किरणचंद सिंह, ब्रम्हदेव बिंझिया, मोहर साय, देवेन्द्र सोनवानी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

हेल्थ प्लस



नवजीवन कैंसर अस्पताल में एक साल में 2 हजार से अधिक ने लिया ओपीडी परामर्श

अंबिकापुर। सरगुजा में कैंसर के मरीजो को प्रारंभिक जांच उपचार के साथ ही कीमो थेरेपी जैसी सुविधाएं शहर के नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल में मिल रही है। अपनी स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर नव जीवन कैंसर हॉस्पिटल ने प्रथम वर्षगांठ मनाया। इस दौरान अस्पताल के निदेशक डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि एक वर्ष में अस्पताल ने कैंसर मरीजों को सुलभ उपचार, डेटा-आधारित देखभाल और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया। अस्पताल में एक वर्ष में ही 1200 से अधिक मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क कीमोथेरेपी दी गई। 2 हजार से अधिक लोगों ने ओपीडी में कैंसर संबंधी परामर्श लिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कैंसर विशेषज्ञ परामर्श, कीमोथेरेपी एवं डे-केयर सेवाएं, कैंसर स्क्रीनिंग, बायोप्सी एवं एफएनएसी, दर्द निवारण एवं पैलिएटिव केयर, पोषण मार्गदर्शन तथा उपयुक्त मरीजों के लिए टार्गेटेड और हार्मोनल थेरेपी संबंधी परामर्श उपलब्ध है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार निःशुल्क कीमोथेरेपी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रथम स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर अस्पताल में उन मरीजों और उनके परिजनों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। स्वस्थ हुए मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान में उपचार करा रहे कैंसर मरीजों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि विश्वसनीय डेटा, उचित दवा प्रबंधन और संवेदनशील देखभाल से मरीजों के उपचार परिणामों को बेहतर बनाना है।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में सूरजपुर ने पूरे छत्तीसगढ़ में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सूरजपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण में जिला पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 प्रतिशत कार्ड निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछले दो माह में 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1 हजार 499 वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं।

- दो माह में बने 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1हजार 499 वय वंदना कार्ड



जिले में अब तक कुल 7,67,516 आयुष्मान कार्ड तथा 16,365 वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों और मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों का परिणाम है। अभियान के माध्यम से पात्र परिवारों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहीमूलक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे पात्रतानुसार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर रेना जमील ने जिले के उन सभी पात्र हितग्राहियों से कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे जल्द से जल्द अपने परिवार के सदस्यों का कार्ड संबंधित स्वास्थ्य केंद्र या अधिकृत कार्ड निर्माण केंद्र में बनवाएं। उन्होंने अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया है।



22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में नवोदय की सृष्टि ठाकुर हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा की छात्रा सृष्टि ठाकुर ने 22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय, खुर्दा, ओडिशा में 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में सृष्टि ठाकुर ने साइंस सेमिनार में द्वितीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस रीजनल साइंस कांग्रेस में चार क्लस्टर से आए कुल 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय समिति, भुवनेश्वर संभाग के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत बेहरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आईआईटी भुवनेश्वर, आईएमएमटी भुवनेश्वर, रीजनल साइंस सेंटर भुवनेश्वर, इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स भुवनेश्वर, रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री, पथानी सामंत प्लेनेटेरियम, एनआईएसईआर तथा स्टेट म्यूजियम ऑफ ओडिशा का भ्रमण कराया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन में क्विज, साइंस सेमिनार एवं प्रदर्शनी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सृष्टि ठाकुर ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक समझ एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल का परिचय देते हुए साइंस सेमिनार में द्वितीय और क्विज में तृतीय स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि सृष्टि ठाकुर ने इससे पूर्व सीबीएसई सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं की परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। छात्रा की इस उल्लेखनीय सफलता पर जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा के प्राचार्य राजू दुबे ने सृष्टि ठाकुर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- साइंस सेमिनार में द्वितीय एवं क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को किया गौरवान्वित





